<u>कार्यालय जिलाधिकारी,बलिया</u>

संख्या 143 /स्था0नि0लि0, दिनांकःजुलाई,27 2016.

<u>विज्ञापन</u>

सचिव,उत्तर प्रदेश शासन,नगर विकास अनुभाग–1,लखनऊ के पत्र संख्या 2021/9–1–16–185सा/10टी.सी. दिनांक 04 जुलाई, 2016 के कम में शासनदेश संख्या 1081/9–1–14–466सा/2013 दिनांक 31 जुलाई,2014 द्वारा निर्धारित संविदा धनराशि (सम्बन्धित पद का अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन का न्यूनतम तथा उस पर राज्य कर्मचारियों को समय–समय पर देय महंगाई भत्ते के समान धनराशि) अनुमन्य कराये जाने के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा निम्न शर्तो के अधीन अपना आवदेन पत्र दिनांक **12/08/2016** की सायंकाल 5.00 बजे तक जाति प्रमाण–पत्र एवं अन्य सम्बधित प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के कार्यालय में **पंजीकृत डाक के माध्यम से** प्राप्त कराये जायेंगे तथा **जनपद के निकायों में अभ्यर्थी द्वारा किसी एक ही निकाय के लिये आवेदन किया जायेगा।** निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त प्राप्त आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा। निकायवार पदों का विवरण निम्न प्रकार है–

क0 सं0	नगर निकाय का नाम	सफाई कार्मिकों की संविदा पर तैनाती हेतु पदों की संख्या				
		कुल	अनु0 जाति	अनु0 ज0ज0	पिछड़ा वर्ग	सामान्य वर्ग
1	2	3	4	5	6	7
1	नगर पालिका परिषद,बलिया	86	18	02	23	43
2	नगर पालिका परिषद,रसड़ा	08	02	–	02	04
3	नगर पंचायत,मनियर	32	06	01	09	16
4	नगर पंचायत,बेल्थरारोड	26	05	01	07	13
5	नगर पंचायत,सिकन्दरपुर	15	03	–	04	08
6	नगर पंचायत,चितबड़ागांव	20	04	–	05	11
7	नगर पंचायत,बांसडीह	10	02	–	03	05
8	नगर पंचायत,सहतवार	19	04	–	05	10
9	नगर पंचायत,रेवती	11	02	–	03	06
	योगः–	**227**	**46**	**04**	**61**	**116**

<u>**अभ्यर्थियों के लिये सामान्य निर्देशः–**</u>

1. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की दिनांक 01.07.2016 को न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिये। इसके अतिरिक्त समय–समय पर आरक्षित श्रेणियों के लिये जारी शासनादेश के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी।
2. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर तथा उस पर स्व–प्रमाणित पासपोर्ट साईज का दो फोटोग्राफ लगाकर देना होगा।
3. निकाय में पहले से संविदा वेतन पर नियुक्त अथवा ठेकेदारों के माध्यम से संविदा पर कार्यरत सफाई कार्मिकों तथा नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मैनुवल स्कैवेन्जरों को भी निर्धारित अर्हता पूर्ण करने पर इस भर्ती में वरीयता दी जायेगी।
4. संविदा सफाई कार्मिकों की सेवायें सन्तोषजनक नही पाये जाने पर उनकी संविदा सेवाये समाप्त की जा सकेगी।
5. संविदा पर रखे गये सफाई कार्मिकों के फलस्वरुप निकायों पर आने वाला अतिरिक्त व्ययभार नागर निकायों को स्वयं वहन करना होगा। शासन से कोई अतिरिक्त आर्थिक सहायता/अनुदान अनुमन्य नही होगा।

6. उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों,अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 (यथासंशोधित) का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

7. अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार एवं सफाई कार्य के व्यवहारिक ज्ञान पर प्राप्त प्राप्तांकों के कम में किया जायेगा।

8. अभ्यर्थियों को सफाई के व्यवहारिक ज्ञान की अहर्ता पूर्ण करने के उपरान्त ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर ही शासन को संस्तुति प्रेषित की जायेगी।

9. आवेदन सम्बन्धी समस्त सूचनाये तथा आवेदन पत्र का प्रारुप जिला सूचना विज्ञान केन्द्र, बलिया की Website www.ballia.nic.in पर उपलब्ध है। इस Website से आवेदन पत्र का प्रारुप डाऊनलोड कर केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से ही इच्छित नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में आवेदन किया जायेगा।

10. संविदा पर तैनाती हेतु उपयुक्त पाये जाने वाले कार्मिकों को संबंधित नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों की सेवा शर्तों का पूर्णतया पालन करना होगा।

(राकेश कुमार)
जिलाधिकारी
बलिया।

जनपद बलिया के नगर पालिका परिषद व समस्त नगर पंचायतों में संविदा सफाई कार्मिकों की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूपः–

1. सम्बन्धित नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत का नाम..

अभ्यर्थी का नामः–

(क) हिन्दी देवनागरी लिपि में...

(ख) अंग्रेजी कैपिटल अक्षरों में...

2. पिता / पति का नाम...

3. जन्मतिथिः–

(क) (अंकों में)...

(ख) (शब्दों में)...

4. दिनांक 01.07.2016 को आयु.................वर्ष.................माह.................दिन....................

5. अभ्यर्थी का पताः–

(क) पत्र व्यवहार का पता...

....

(ख)स्थायी पताः– ....

....

अभ्यर्थी का
स्व0 प्रमाणित
फोटोग्राफ

7. दूरभाष संख्या / मोबाईल संख्याः–...

8. राष्ट्रीयता...

9. आरक्षित श्रेणी(प्रमाण पत्र सहित):– (..........) (अनु0जाति–1,अनु0ज0जाति–2,अ0पि0वर्ग–3)

10. शैक्षिक योग्यता (प्रमाण–पत्र सहित) :–

क0 सं0	परीक्षा का नाम	बोर्ड / संस्था / विश्वविद्यालय का नाम	वर्ष	पूर्णांक	प्राप्तांक	श्रेणी	प्रतिशत

शपथ–पत्र

मैं एतदद्वारा शपथ करता / करती हूँ कि ऊपर लिखित समस्त सूचनाएं सत्य है, अगर कोई त्रुटि पायी जायेगी तो मै स्वयं उत्तरदायी होऊंगा / होऊंगी।

दिनांक–

संलग्नकों का विवरण

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पता————————